प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से हमीरपुर जिला के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बड़सर और नादौन विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व उद्घाटन करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री आज बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चकमोह में सलौणी–दियोटसिद्ध सड़क के चौड़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन, बड़सर–शाहतलाई सड़क के सुदृढ़ीकरण का उदघाटन और लोक निर्माण विभाग के नए उपमंडल बिझड़ी का शुभारंभ करेंगे। बाद में वह कलवाल और लंजयाणा गांवों का दौरा भी करेंगे।

## भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक चुनावों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसे लेकर पार्टी की एक बैठक आज मण्डी ज़िले के सुंदरनगर में होगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया कि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और प्रदेश पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, संगठनात्मक चुनाव अधिकारी राजीव भारद्वाज, प्रदेश के सभी सांसद और पार्टी के अन्य पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे। कटवाल ने बताया कि प्रदेश में प्राथमिक सदस्यता और सक्रिय सदस्यता अभियान के अलावा संगठनात्मक चुनावों पर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी।

## संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने युवाओं से खेल प्रतियोगिताओं के जरिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना आत्मसात करने का आहवान किया है। अर्की की हनुमान बड़ोग पंचायत के कोटला गांव में आयोजित दो दिवसीय खेल–कूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर संजय अवस्थी ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केवल जीतना ही नहीं बल्कि खेल–कूद प्रतियोगिता में भाग लेना भी एक बेहतर भविष्य की ओर सकारात्मक कदम है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि नशे से दूर रहें और खेल–कूद प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लें।

## वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आउटसोर्स आधार पर तैनात वोकेशनल शिक्षकों ने सेवा प्रदाता कंपनियों पर मनमानी करने और सरकार के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अश्वनी डटवालिया ने कहा कि सरकार ने कंपनियों को दिवाली से पहले एरियर जारी करने के आदेश दिए थे। उसके बावजूद भी दो कंपनियों ने वाकेशनल शिक्षकों को

एरियर जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों द्वारा समय पर वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। डटवालिया ने कहा कि कंपनियों के मनमाने रवैये के खिलाफ वोकेशनल शिक्षक आज शिमला में प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

त्रिलोक कपूर

प्रदेश भाजपा महासचिव त्रिलोक कपूर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी में अब शासन करने की क्षमता खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी बड़े–बड़े वायदे करती है और सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल जाती है। त्रिलोक कपूर ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस द्वारा बिना सोचे समझे किए जाने वाले वायदे कभी भी पूरे नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में देश में राजनीति विश्वसनीयता के संकट से ग्रस्त थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे विश्वसनीयता के केन्द्र में बदल दिया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अन्य भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से मैदानी क्षेत्रों में धूप खिलने से गरमाहट महसूस की जा रही है और अधिकतम तापमान सामान्य बना हुआ है। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है और जनजातीय क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां  पर.....

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश सरकार की सुख शिक्षा योजना से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–असहाय माता–पिता के बच्चों को हर माह एक हजार रूपये देगी सरकार, जल्द शुरू होगी सुख शिक्षा योजना। पंजाब केसरी के शब्द हैं–हिमाचल सरकार शुरू करेगी मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना। दैनिक जागरण का शीर्षक है–विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा, महिलाओं ओर दिव्यांग माता–पिता के बच्चों को मिलेगा लाभ। हिमाचल दस्तक ने मख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–पात्रों को हर माह राज्य सरकार देगी एक हजार रूपये। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–सुखाश्रय योजना के बाद सूबे में जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–बरसाती जख्मों को अब केंद्र से मरहम की आस, दिल्ली से आई टीम ने तीन जिलों में नुकसान का जायजा लेने के बाद केंद्र सरकार को सौंपी रिपोर्ट। इसी समाचार पत्र के मुताबिक–हिमाचल को जल्द मिलेंगे बैली ब्रिज।

अमर उजाला की एक खबर है–हिमाचल की हर पंचायत को मिलेगा ई–रिक्शा, घर–घर से उठाएगा कचरा।

दैनिक सेवरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री से सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–हिमाचल में कांग्रेस सरकार खस्ताहाल, केंद्र की योजनाओं के भरोसे प्रदेश।

सरकारी भर्तियों में होगा बदलाव, लागू होगा सिंगल विंडो सिस्टम शीर्षक से खबर को हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता दी है।